# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 10.03.2025

मुख्य समाचारः–

1– ईडी ने आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर सहित चौदह स्थानों पर छापामार कार्रवाई की–विरोध में कांग्रेस सदस्यों ने विधानसभा में किया हंगामा।

2– रायपुर में आज 'छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट' का हुआ आयोजन–कई बड़ी कंपनियों ने तीन लाख करोड़ रूपए से ज्यादा के निवेश का किया ऐलान।

3– भारतीय सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी।

4– गरियाबंद जिले में आज तीन इनामी माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण।

ईडी–छापा

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर छापामार कार्रवाई की। आज सुबह ईडी की टीम उनके पदुमनगर भिलाई स्थित घर पर पहुंची और दस्तावेज की जांच कर रही है। खबर है कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के यहां भी छापा मारा गया है। इसके अलावा ईडी ने भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, दुर्ग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू, बिल्डर अजय चौहान, मनोज राजपूत, ट्रांसपोर्टर संदीप सिंह, अभिषेक ठाकुर के ठिकानों सहित चौदह स्थानों पर दबिश दी है।

वहीं, कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने एक बयान जारी कर आरोप लगाया है कि यह कार्रवाई भाजपा के इशारे पर की जा रही है।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि बीते पांच वर्षों में हुए भ्रष्टचार की जांच केन्द्रीय जांच एजेसियां कर रही हैं। ईडी भी एक केन्द्रीय जांच एजेंसी है, जो अपना काम कर रही है। इसमें प्रदेश का कोई दखल नहीं है।

विधानसभा–ईडी

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने जमकर हंगामा किया। भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विपक्षी विधायक गर्भगृह तक पहुंच गए। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कांग्रेस विधायकों को निलंबित कर दिया।

सदन में हुए निलंबन के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई। इस बीच, मंत्री रामविचार नेताम और वित्त मंत्री ओपी चौधरी विपक्षी विधायकों को मनाने पहुंचे, लेकिन कांग्रेस ने सदन से बहिर्गमन कर दिया। ईडी के छापे के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा की कार्यवाही का बहिष्कार करते हुए गांधी प्रतिमा के सामने धरना–प्रदर्शन किया।

सदन में आज ध्यानाकर्षण के माध्यम से भाजपा विधायक मोतीलाल साहू ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या को उठाया। जवाब में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा की रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए काम किया जा रहा है ।

वहीं, विपक्ष की अनुपस्थिति में खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता सरंक्षण मंत्री दयालदास बघेल के विभागों की अनुदान मांगो को सदन में पारित कर दिया गया।

## संसद–बजट सत्र दूसरा चरण

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया है, जो चार अप्रैल तक चलेगा। सत्र के दौरान बीस बैठकें होंगी। सत्र के दौरान वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अनुदान मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा तथा मतदान होगा। वहीं, वित्तीय काम–काज के अलावा विभिन्न महत्वपूर्ण विधेयकों पर भी चर्चा होगी। बजट सत्र का पहला चरण इकतीस जनवरी से शुरू हुआ, जो तेरह फरवरी तक चला।

## एनर्जी इंवेस्टर्स समिट

रायपुर में आज 'छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट' का आयोजन किया गया। इसमें कई बड़ी कंपनियों ने तीन लाख करोड़ रूपए से ज्यादा के निवेश का ऐलान किया है। इस निवेश से राज्य में परमाणु, थर्मल, सौर और पंप्ड स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में बिजली उत्पादन के नए प्रोजेक्ट शुरू होंगे। इससे न केवल उद्योगों को फायदा मिलेगा, बल्कि आम लोगों को भी सस्ती और निरंतर बिजली मिल सकेगी। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एनटीपीसी ने अस्सी हजार करोड़ रुपये की लागत से बयालीस सौ मेगावाट क्षमता का न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट लगाने की योजना बनाई है। इससे छत्तीसगढ़ में परमाणु ऊर्जा से बिजली उत्पादन की शुरुआत होगी। वहीं, थर्मल पावर क्षेत्र में अडानी पावर छियासठ हजार सात सौ बीस करोड़ रुपये खर्च कर कोरबा, रायगढ़ और रायपुर में सोलह–सोलह सौ मेगावाट के तीन थर्मल पावर प्लांट लगाएगा। इसके साथ जिंदल पावर रायगढ़ में सोलह सौ मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए बारह हजार आठ सौ करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जबकि सरदा एनर्जी रायगढ़ में छह सौ साठ मेगावाट क्षमता के प्लांट के लिए पांच हजार तीन सौ करोड़ रुपये लगाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में यह निवेश राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## अग्निवीर–भर्ती अधिसूचना

भारतीय सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर, धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों की भर्ती की जाएगी। इच्छुक युवा इसके लिए ऑनलाइन आवेदन बारह मार्च से दस अप्रैल तक कर सकते हैं। किसी भी अन्य जानकारी के लिए युवा सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलिफोन नंबर – शून्य सात सात एक – दो नौ छह पांच दो एक दो और शून्य सात सात एक – दो नौ छह पांच दो एक चार (0771–2965212 / 0771–2965214) पर संपर्क कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री–बिलासपुर दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीस मार्च को बिलासपुर जिले का दौरा प्रस्तावित है। इसे लेकर बिलासपुर में प्रशासनिक तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। बिल्हा के ग्राम मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री की विशाल आमसभा होगी। इस सिलसिले में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कल स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। केंद्रीय राज्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने मैदान के विभिन्न हिस्सों में अलग–अलग व्यवस्थाओं के लिए चिन्हांकित स्थलों का अवलोकन लिया। उन्होंने हेलीपेड, मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रदर्शनी स्थल, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए।

माओवादी–आत्मसमर्पण

गरियाबंद जिले में आज तीन इनामी माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। मिली जानकारी के अनुसार ये माओवादी गरियाबंद के उदंती, सीता नदी और नवापड़ा क्षेत्र में सक्रिय थे। एसडीके एरिया कमेटी के डिप्टी कमांडर दिलीप उर्फ संतु ने ऑटोमैटिक हथियार के साथ आत्मसमर्पण किया। साथ ही दो महिला माओवादियों ने भी आत्मसर्पण किया है। इन माओवादियों ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा, रायपुर के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा और सीआरपीएफ अधिकारियों की मौजूदगी में आत्मसमर्पण किया। इन तीनों पर पन्द्रह लाख रूपए का इनाम घोषित था।

पुलिस अकादमी–कार्यक्रम

रायपुर जिले के चंदखुरी स्थित नेताजी सुभाष चन्द्रबोस राज्य पुलिस अकादमी में आज नवनियुक्त उप निरीक्षक संवर्ग के अधिकारियों का बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा, विधायक खुशवंत साहेब सहित पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

भाजपा–निष्कासन

भारतीय जनता पार्टी कि प्रदेश अध्यक्ष किरण सिहंदेव ने कोरबा नगर निगम के नवनिर्वाचित सभापति नूतन सिंह ठाकुर को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। गौरतलब है कि आठ मार्च को कोरबा नगर निगम में सभापति पद के लिए चुनाव हुआ था। इस चुनाव में भाजपा ने हितानंद अग्रवाल को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया था। लेकिन भाजपा नेता नूतन सिंह ठाकुर ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत दर्ज कर ली। भाजपा ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए नूतन सिंह ठाकुर को छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ और झारखंड की सीमा से लगे गोदरमाना में आज एक पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में दो बच्चे और एक महिला भी शामिल हैं।

– अंतर जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई के परेड ग्राउंड में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन छह से दस मार्च तक दुर्ग के विभिन्न स्थलों पर किया गया, जिसमें दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिलों के करीब सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>